शांतिपूर्ण माहौल में हुआ स्नातक-शिक्षक सीट के लिए मतदान

मतदान प्रक्रिया रुकने तक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 42.15 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 78.10 प्रतिशत मतदान

मुजफ्फरपुर। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वि-वार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए चारों जिलों-सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर एवं वैशाली- के 203 मतदान केन्द्रों पर मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होने की खबर है।मतदाताओं ने काफ़ी उत्साह से मताधिकार का प्रयोग किया। 4 बजे अपराह्न तक प्राप्त सूचना के आधार पर तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में क्रमशः 42.15 प्रतिशत तथा 78.10 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के दौरान किसी अप्रिय घटना, हिंसा अथवा विधि-व्यवस्था संबंधी गंभीर शिकायत की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई थी। पदस्थापित प्रेक्षकों तथा निर्वाची पदाधिकारी, तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-सह-आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर द्वारा इसका सतत अनुश्रवण किया गया। मतदान 8 बजे पूर्वाह्न समय से शुरू हुआ एवं सुचारू रूप से संचालित हुआ। प्रमंडल-स्तरीय नियंत्रण कक्ष से सभी जिलों से रिपोर्ट ली जाती रही। प्रमंडलीय आयुक्त के निर्देश पर सभी जिलों में जिला पदाधिकारियों एवं वरीय पुलिस अधीक्षक - पुलिस अधीक्षकों द्वारा मतदान केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया गया। जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों द्वारा भी नियमित तौर पर निगरानी की गई।

प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने कहा कि अधिकारियों ने सुविकसित कम्युनिकेशन प्लान के अनुसार आपस में सार्थक समन्वय एवं सुदृढ़ संवाद स्थापित कर बेहतरीन कार्य किया। पदाधिकारियों ने निर्देशों का पालन करते हुए पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ मतदान सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

प्रशासनिक भवन, एमआईटी, मुजफ्फरपुर को तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए मतपेटिका वज्रगृह एवं मतगणना स्थल के रूप में स्थापित किया गया है। मतदान समाप्ति के उपरान्त चारों जिलों-मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर एवं वैशाली-से आने वाले पोल्ड मतपेटिकाओं एवं अन्य कागजातों तथा सामग्रियों को एमआईटी स्थित संग्रहण केन्द्र-सह-बज्रगृह पर प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न काउंटर्स के निर्माण सहित सुरक्षित संधारण के लिए आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्था की गई है। वरीय अधिकारियों द्वारा पोल्ड बैलट बॉक्स के संग्रहण का अनुश्रवण किया जा रहा है। 27 अक्टूबर को एमआईटी के प्रशासनिक भवन में मतगणना होना निर्धारित है।

प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन का हर चरण महत्वपूर्ण होता है। नामांकन, स्क्रूटिनी, मतदान सहित अभी तक का हर कार्य आयोग के दिशा-निर्देशों, नियमों एवं मापदण्डों के अनुरूप पारदर्शी तथा निष्पक्ष तरीके से संपन्न किया गया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि मतगणना भी शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न होगा। इसके लिए भी प्रशिक्षण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही है।

प्रमंडलीय आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण वातावरण में निर्वाचन सम्पन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। संपूर्ण प्रशासनिक तंत्र इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध है।









प्रतिनियुक्त प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

मुजफ्फरपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षक, तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र रॉबर्ट एल. चोंग्थू, भा.प्र.से ने शुक्रवार को बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वि-वार्षिक निर्वाचन, 2026 के मतदान के दौरान विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था संधारण का अनुश्रवण किया। एमआईटी, अनुमंडल कार्यालय पश्चिमी, आईसीसीसी सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों का प्रेक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान चल रहा है। मापदण्डों के अनुसार बूथ पर सभी आवश्यक व्यवस्था की गई है। दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी भी कर्तव्य पर उपस्थित हैं। पदाधिकारियों को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ मतदान सफलतापूर्वक संपन्न कराने का निर्देश दिया गया है।



डीएम-एसएसपी मतदान केंद्रों का करते रहे निरीक्षण

मुजफ्फरपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कुमार गौरव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कलेश कुमार मिश्र लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं तथा व्यवस्था का अनुश्रवण कर रहे हैं।अधिकारीद्वय ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं प्रावधानों के अनुरूप बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वि-वार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए जिलांतर्गत सभी 88 मतदान केन्द्रों पर मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संचालित हो रहा है। मतदान 8 बजे पूर्वाह्न से शुरू हुआ है जो 4 बजे अपराह्न तक चलेगा। जिला नियंत्रण कक्ष से सभी मतदान केन्द्रों से रिपोर्ट ली जा रही है। जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों द्वारा भी लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। पदाधिकारियों को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ मतदान सफलतापूर्वक संपन्न कराने का निर्देश दिया गया।

चुनाव पुलिस मुस्तैदी में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। मतदान सुबह 8 बजे से शुरु जो 4 बजकर 50 मिनट तक मत पड़ा द्य बताते चले प्रखंड में स्नातक मतादाताओ की संख्या 3240 है जिसमे मतादाताओ ने 1473 मतों का प्रयोग किया है ।वही तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के कुल मतादाता 170 है जिसमे जिसमे 132 मतादाताओ ने अपना मत का प्रयोग किया है ।1473 में से महिला मतादाताओ ने 403 मतों का प्रयोग किया जबकि पुरूष मतादाताओ ने 1070 मत गिरा पाएं । उधर शिक्षक निर्वाचन में प्रखंड में कुल 170 मतादाता हैं जिसमे महिला मतदाताओ ने अपना 23 मत का प्रयोग किया वही पुरूष मतादाता 155 मतों काप्रयोग किया।

औराई आससे के अनुसार स्नातक व शिक्षक मतदान को लेकर प्रखंड कार्यालय में शांतिपूर्ण तरीके से सुबह 8ः00 बजे से लेकर संध्या 4ः00 बजे तक शुक्रवार को मतदान कराया गया, इस दौरान स्नातक मतदान को लेकर प्रखंड कार्यालय में दो मतदान केंद्र बनाए गए थे, वहीं शिक्षक निर्वाचन मतदान के लिए एक केंद्र बनाए गए थे ।स्नातक मतदान के लिए बनाए गए दो केंद्र पर कुल 2247 मतदाताओं में से कल 1028 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं शिक्षक निर्वाचन के लिए कुल 44 मतदाताओं में से 35 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं देर शाम चार बजे तक मतदान केंद्र पर बड़ी संख्या में मतदाता की भीड़ लाइन में देखा गया ।मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण मतदान को लेकर पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी।

स्नातक मतदान को बनाए गए दो केंद्र में क्रमांक प्रदर्शित न होने के कारण कई मतदाताओं को 4ः00 के बाद वोट के अधिकार से वंचित होना पड़ा लाइन में लगने के बाद भी उनको वोट नहीं देने दिया गया मतदाता वरुण कुमार संतोष पासवान ने बताया कि 2 घंटा में लाइन लगने के बाद बताया गया कि आपका क्रमांक दूसरे बूथ पर है आप वहां जाइए जब वहां गए तो मतदान बंद हो चुका था जो कि प्रशासन की लापरवाही के कारण वोट के अधिकार से वंचित होना पड़ा।

सरैया आससे के अनुसार तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी चुनाव को लेकर शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हुआ। सरैया प्रखंड में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मतदान के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया।इस दौरान उप विकास आयुक्त एवं सरैया एसडीपीओ अभिजीत कौर ने सरैया प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था,पुलिस बल की तैनाती तथा मतदान की स्थिति का जायजा लिया।

मौके पर सरैया प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरव कुमार, थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता एवं सुरक्षा बलों की मुस्तैदी के बीच मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की गई। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
नालन्दा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के पत्रांक – 2850 (अनु0) दिनांक – 11.09.2026 एवं पी0आर0सं0– 011695 (BCD) 2026–27 के द्वारा भिन्न –भिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0 06 ना0भ0प्र0, बिहारशरीफ/वर्ष 2026–27 को पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक– 7461(S) दिनांक 13.10.2026 एवं भवन निर्माण विभाग के ज्ञापांक– 9803 (भ) दिनांक 15.10.2026 के आलोक में अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

उकत सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar.gov.in** पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
नालन्दा भवन प्रमंडल,
बिहारशरीफ

PR. No. 014008 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
सिंचाई प्रमंडल, रजौली।

Email- eesinchairajauli2016@gmail.com

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय का पत्रांक 1461 दिनांक 07.10.2026 द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2026-27जिसका दैनिक सामाचार पत्र में प्रकाशन का P.R. No-013494 (WRD) 2026-27 है। उक्त निविदा की कंडिका 18 एवं 21को विलोपित करते हुए एक अतिरिक्त कंडिका जिसका क्रम संख्या 52''पथ निर्माण विभाग, बिहार द्वारा निर्गत अधिसूचना का ज्ञापांक 7461(S) दिनांक 13.10.2026 द्वारा निर्गत पथ निर्माण विभाग का पत्रांक 2046(S) दिनांक 06.03.2014 द्वारा निरूपित प्रतिशत दर निविदा में न्यूनतम दर सीमा 10 प्रतिशत को पुनः बहाल किया गया है। परिमाण विपत्र से 10 प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाले निविदायें अमान्य मानी जायेगी।

परिमाण विपत्र के दर से नीचे निविदित दर दिये जाने की स्थिति में अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) लेने का निम्नांकित प्रावधान किया जाता है :–

(1) परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृतदर वाले निविदा के लिए 0.25% अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performace Guarantee) प्रति एक प्रतिशत उद्धृत दर के लिए ली जायगी।

(2) परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.5% कार्य प्रतिभू (Additional Performace Guarantee) प्रति एक प्रतिशत उद्धृत दर के लिए ली जायगी।''जोड़ा जाता है, शेष कंडिका यथावत् रहेगा।

इसे इस हद तक संसोधित समझा जाय।

PR- 013986 (W R D) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमंडल, रजौली।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

किराये के कमरे में कंबल में लिपटा मिला महिला का शव

मुजफ्फरपुर। मिठनपुरा थाना क्षेत्र के रामबाग नहर रोड स्थित शास्त्रीनगर मोहल्ले में शुक्रवार को किराए के मकान के बंद कमरे से 45 वर्षीय महिला उषा देवी का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद किया गया। शव कंबल में लिपटा हुआ था। महिला अनिल राम के साथ कमरे में रहती थी। घटना के बाद से अनिल कमरे को बाहर से बंद कर फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, शुक्रवार की सुबह महिला को बाहर नहीं देखने पर लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद मिठनपुरा थाने की पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मकान मालिक की मौजूदगी में कमरे को खुलवाया तो अंदर महिला का शव मिला। घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

एसडीपीओ टाउन वन सुरेश कुमार ने बताया कि कमरे से महिला की पहचान से जुड़े साक्ष्य और कैंसर के इलाज के कागजात मिले हैं। कागजात के अनुसार, गुरुवार को ही महिला को डॉक्टर से दिखाया गया था। आसपास के लोगों ने भी बताया कि वह काफी दिनों से बीमार थी और उसका इलाज चल रहा था।

उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। कमरे के बाहर से बंद मिलने और अनिल राम के फरार होने समेत अन्य संदिग्ध बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है।

महिला के साथ रहने वाले अनिल राम के भांजे गणेश ने बताया कि उसके मामा और उषा देवी एक ही कंपनी में काम करते थे। उषा की तबीयत कुछ दिनों से खराब थी। ऐसे में अनिल कुछ दिन पहले उनके साथ रहने लगा था, ताकि खाना बनाने और देखभाल में मदद कर सके। गणेश ने घटना और महिला की मौत के कारणों की जानकारी होने से इनकार किया।

फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। फरार अनिल राम की तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही महिला की मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

गुजरात पुलिस ने साड़ी कारोबारी के आवास पर की छापेमारी

मुजफ्फरपुर। गुजरात के सूरत में दर्ज धोखाधड़ी और धमकी के मामले में दो साड़ी कारोबारियों की तलाश में गुजरात पुलिस शुक्रवार को नगर थाना पहुंची। नगर थाना पुलिस के सहयोग से गुजरात पुलिस ने जवाहरलाल रोड स्थित कारोबारी के आवास पर पहुंचकर जांच की। दोनों आरोपितों की तलाश में पुलिस ने स्थानीय स्तर पर भी छानबीन की। सूरत शहर के सलाबतपुरा थाने कि ए.एस.आइ संगीताबेन दुदाभाई के अनुसार डीसी सिंथेटिक के प्रोपराइटर अनुप दीपचंद अग्रवाल की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसमें मुजफ्फरपुर के दो साड़ी कारोबारी को आरोपित किया गया है। दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज है। इसी मामले की जांच और आरोपितों की तलाश के सिलसिले में वह गुजरात पुलिस मुजफ्फरपुर पहुंची। स्थानीय नगर थाना पुलिस के सहयोग से जवाहरलाल रोड स्थित आवास पर जांच की गई। मामले में आगे की कार्रवाई के लिए गुजरात पुलिस छानबीन कर रही है।

किराना दुकान में चोरी

सरैया (आससे)। थाना क्षेत्र के बसंतपुर पट्टी ठाकुरबाड़ी के निकट अज्ञात चोरों द्वारा एक किराना दुकान को निशाना बनाया एवं लगभग चार लाख से अधिक की संपत्ति दुकान के एल्बेस्टर को हटा कर ,महंगे समान को वाहन पर लोड कर फरार हो गया इस संबंध दुकानदार सिराजुल ने बताया कि गुरुवार के रात्रि आठ बजे दुकान बंद कर चले गए था।आज सुबह दुकान पर पहुंचे तो देखा कि समान सब बिखरा हुआ है ।दुकान खोला तो देखा कि पिछवारे से एल्बेस्टर उखाड़ के दुकान के महंगे समान चुरा लिया गया है इस संबंध में पीड़ित दुकानदार ने प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन सरैया थाना को दिया है ।दूसरी तरफ मिडिल स्कूल बसंतपुर पट्टी के निकट मो एहसान के जेनरल स्टोर को भी अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए,हजारों की संपति चुरा लिया है ।सरैया पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले से गहराई से छानबीन कर रही है।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल औरंगाबाद
E-mail ID- shlcdaurangabad@gmail.com
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2026-27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार www.eproc2.bihar.gov.in)

1. कार्य का विवरण :–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि रू0 (ऑन लाईन अथवा फिजिकल/मेनुअल मोड में भुगतान) (लाख में)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में	बेल्टॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में	कार्य समाप्ति की तिथि
1	सोनवर्षा वितरणी के विभिन्न बिन्दुओं पर गाद एवं जंगल सफाई तथा फॉल, इनलेट, प्रोटेक्शन वॉल का पुनर्स्थापन एवं तल मरम्मति P.C.C. कार्य।	61.52620	1.24	10000.00	1180.00	माह मार्च 2027 के पूर्व।

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक 14.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक 02.11.2026 से 07.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक। केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
4. प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान : दिनांक 04.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, सोन उच्चस्तरीय नहर अंचल, औरंगबाद के कार्यालय कक्ष में।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.11.2026 के अपराह्न 3:30 बजे। केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा तकनीकि बीड निष्पादन उपरांत वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर घोषित की जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान : केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
9. निविदा वैधता की अवधि : 120 दिन।
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट http://www.eproc2.bihar.gov.in एवं state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, औरंगाबाद
मो– 7463889727

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.013920 (WRD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

जूनियर जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता एल एस कॉलेज में आज

55 विद्यालयों के 700 से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग

मुजफ्फरपुर। जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा 24 अक्टूबर को लंगट सिंह कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाली प्रथम डॉ. डी.एन. सिंह स्मृति जूनियर जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026 के लिए अब तक जिले के 55 विद्यालयों एवं क्लबों के 700 से अधिक खिलाड़ियों* की प्रविष्टि की पुष्टि हो चुकी है। प्रतियोगिता अंडर-14 और अंडर-16 वर्ग में बालक एवं बालिकाओं के लिए आयोजित की जा रही है और इसी के प्रदर्शन के आधार पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (स्नड्ड) द्वारा 14 से 16 नवम्बर तक हैदराबाद में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय अंतर-जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026 के लिए मुजफ्फरपुर जिला टीम का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता के दिन सुबह 8 से 9ः15 बजे तक खिलाड़ियों की रिपोर्टिंग, आधार कार्ड से आयु सत्यापन एवं बिब नंबर का वितरण होगा। पहली स्पर्धा, अंडर-16 बालिकाओं की 600 मीटर दौड़, सुबह 9ः30 बजे शुरू होगी। इसके बाद अंडर-14 वर्ग की ट्रायथलॉन एवं किड्स जैवलिन स्पर्धाएँ और अंडर-16 वर्ग की 60 मीटर, 80 मीटर हर्डल्स, 600 मीटर, हाई जम्प, लॉन्ग जम्प, शॉट पुट एवं जैवलिन थ्रो स्पर्धाएँ दिन भर चलेंगी। बालक-बालिका वर्ग मिलाकर कुल 22 स्पर्धाएँ होंगी। दोपहर 2ः00 बजे से 60 मीटर और 80 मीटर हर्डल्स के फाइनल होंगे। दोपहर 3ः45 बजे से पुरस्कार वितरण समारोह होगा, जिसमें प्रत्येक स्पर्धा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण पत्र दिए जाएँगे। यह जानकारी जिला एथलेटिक संघ के सचिव मृत्युंजय कुमार सिंह ने दी।

दहेज में 20 लाख रुपये नहीं देने पर पत्नी को पीटा, गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के चंद्रलोक चौक नया टोला में दहेज में 20 लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता बबीता कुमारी (27) ने अपने पति रवि कुमार पर शराब पीकर मारपीट करने और मायके से रुपये लाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पति आए दिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। वह मायके से दहेज के रूप में 20 लाख रुपये लाने का दबाव बनाता है। रुपये नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी भी देता है ।बबीता के अनुसार गुरुवार की रात पति ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट की।

इसमें उसकी नाक से खून बहने लगा। किसी तरह जान बचाकर वह घर से निकली और थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने रवि कुमार को थाने लाकर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच कराई। इसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

किस्त नहीं भरने पर युवक को रिकवरी एजेंटों ने किया परेशान, पांच धराये

मुजफ्फरपुर। सदर थाना से महज कुछ दूरी पर खबर शिव मंदिर के समीप बकाया किस्त का भुगतान नहीं करने वाले केरमाडीह के युवक से बाइक जब्त करने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। बाइक सवार की पांच रिकवर एजेंट युवकों ने मोबाईल तक छीन लिया। युवक को परेशान देख वहां पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ राहगीर और दुकानदार जुट गए। बाइक सवार के साथ उसके नावालिग छोटे भाई कि परेशानी देख स्थानीय युवकों ने पांचों रिकवर एजेंट युवकों को पकड लिया इसी दौरान सदर थाना कि गस्ती गाड़ी वहां से गुजर रही थी भीड़ देख प्रारंभिक छानबीन के बाद बाइक सवार और पांचों रिकवर एजेंट को पुलिस थाने लेकर आई ।युवक के आवेदन पर पांचों रिकवरी एजेंट से पुलिस ने अलग-अलग पूछताछ की। पांचों के मोबाइल को भी पुलिस खंगाल कर जांच में जुटी है।

निर्दलीय प्रत्याशी की पुलिस से झड़प

साहेबगंज (आससे)। प्रखंड परिसर में तिरहुत स्नातक निर्वाचन बूथ संख्या 65 (क) पर दोपहर बाद समर्थकों के साथ एम एल सी वंशीधर ब्रजवासी मतदान की स्थिति का अवलोकन करने पहुंचे । वहां तैनात सिंगल स्टार पुलिस पदाधिकारी ने समर्थकों संग जाने पर एतराज जताया और उन्हें बूथ की तरफ जाने से रोका ।जिसके बाद श्री ब्रजवासी की उक्त पुलिसकर्मी के साथ तीखी बहसबाजी हुई ।समर्थकों का कहना कि पुलिस कर्मी ने ब्रजवासी को शरीर पर हाथ लगा कर जाने से रोका ।पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद श्री ब्रजवासी ने उक्त पुलिसकर्मी को प्रोटोकॉल का पाठ पढ़ाया ।